# जन्मे श्री कृष्ण | by Poonam Pandey

बाजे रे नौबत घर में देखो जी देखो गूँज रही ताल
सारी खुशियां मनाते देखो नाचते गाते जन्मे हैं नन्द घर श्याम

मात यशोदा देखो कैसी हरषाई रे
नन्द जी के ललना की बजती बधाई रे
नाचे रे सब नर नारी गोकुल है लागे सुख को रे धाम
सबके मुख पे छाई लाली मतवाली बड़ी प्यारी लागे देखो मुस्कान

हिल मिल सखियाँ यशोदा घर आई हैं
मांग रही मैया से वो लाल की बधाई हैं
देखो नन्द देते रे बधाई करें रे हीरे मोतियों का दान
सबका मोह लेते मन कैसा बरसा आनंद देखें ललना मुस्कान
सारी खुशियां मनाते देखो नाचते गाते .................

ब्रह्मा बजाते शंख विष्णु भी नाचते
शंकर बजा के डमरू श्याम को दुलारते
जन्मे हैं विष्णु अवतार तारेंगे ये तो सारा ही जहान
देव सारे यश गाते फूल मिलके बरसाते गाते सारे मंगल गान
सारी खुशियां मनाते देखो नाचते गाते ...................
बाजे रे नौबत घर में देखो ................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3-by-poonam-pandey/